RAF SECTOR

NEWS CLIP

18/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

उपायुक्त ने पदाधिकारियों, व्यावसायिक संगठन के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों को दिलायी शपथ

सड़क सुरक्षा सप्ताह : जीवन सुरक्षा का संकल्प लेकर दौड़ा शहर

जमशेदपुर. सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को 'रन फॉर रोड सेफ्टी' का आयोजन किया गया. इसमें शहर के लोगों ने साकची गोलचक्कर से स्टेट माइल रोड, बाग ए जमशेद होते हुए जुबिली पार्क गेट नंबर एक तक दौड़ लगायी. साकची गोलचक्कर पर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी और भाग ले रहे लोगों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया.

कार्यक्रम में एसपी सिटी सुभाष चंद्र जाट, उपविकास आयुक्त वी माहेश्वरी, एसडीओ चंदन कुमार, अपर उपायुक्त एसके सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश कुमार रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट, शहर के सामाजिक कार्यकर्ता, आम लोग, कॉर्पोरेट हाउस के प्रतिनिधि, स्कूली बच्चों, रैफ के जवानों ने भाग लिया.

नुक्कड़ नाटक कर सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

जिला परिवहन विभाग के सहयोग से पथ संस्था द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए नाटक का मंचन किया गया. विशेष कर युवाओं को लक्ष्य करते हुए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उन्हें तेज गति मे वाहन नहीं चलाने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने और यातायात नियमो का कठोरता से अनुपालन करने का आग्रह किया गया.

यातायात नियमों का पालन करें : उपायुक्त

उपायुक्त ने कहा कि यातायात नियमों को ध्यान मे रख कर सड़क पर वाहन चलाना अनिवार्य है. किसी एक शख्स के जीवन पर वह स्वयं नहीं, बल्कि परिवार और समाज भी निर्भर है. इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय चालक हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय चालक सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करे. सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन कर हम अपने जीवन के साथ-साथ दूसरो के जीवन को भी सुरक्षित रख सकते है. उन्होने युवाओ से अपील करते हुए कहा कि बाइक पर ट्रिपल राइड मे न चलें तथा गति सीमा के अंदर ही गाड़ी चलाये.

रन फॉर सेफ्टी में शामिल हुए रैफ जवान

जमशेदपुर. जिला प्रशासन की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर रन फॉर सेफ्टी के कार्यक्रम मे 106 बटालियन रैफ ने भी हिस्सा लिया. रैफ कमांडेंट पीके सिंह की अगुवाई मे रैफ जवान रन फॉर सेफ्टी मे हिस्सा लिया. जवानो ने लोगो को ट्रैफिक नियमो का पालन करने की भी जानकारी दी. रैफ कमांडेंट पीके सिंह ने बताया कि जवानो का काम देश की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिको की सुरक्षा भी जरूरी है. लोग ट्रैफिक नियमो का पालन करे. ट्रैफिक नियम लोगो की सुरक्षा के लिए बनाया गया है. आये दिन सड़क हादसे मे लोगों की जान जा रही है. ट्रैफिक नियम का पालन कर हादसा से बचा जा सकता है. इस मौके पर रैफ के सहायक कमांडेंट अमरकांत कुमार समेत रैफ के अन्य पदाधिकारी व जवान मौजूद थे.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।